L.D.A.H. Rajkiya Engineering College, Mainpuri
Agra Road Kharra, Mainpuri, (U.P.) – 205119
Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
AICTE Approved Government Engineering College
Phone :- 05672-241241 Mob. 7081066665

College Code 840

एल0डी0ए0एच0 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी
आगरा रोड, खर्रा, मैनपुरी (उ0प्र0) – 205119
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से संबद्ध
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त
Email:– director.gecm@gmail.com

पत्रांकः 170 / नि0का0 / आर0ई0सी0 / मैनपुरी / 2026 — दिनांकः 29 / 04 / 2026

कार्यालय आदेश

विषयः संस्थान के शासकीय अभिलेखों / प्रपत्रों की गोपनीयता एवं अनाधिकृत साझाकरण पर प्रतिबंध के सम्बन्ध में।

संस्थान के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि संस्थान के शासकीय अभिलेखों / प्रपत्रों यथा कार्यालय ज्ञाप, कार्यालय आदेश, आन्तरिक पत्राचार, नोटशीट आदि की गोपनीयता बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है। उक्त अभिलेख / प्रपत्र संस्थान की प्रशासनिक एवं शासकीय कार्यपद्धति से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जिनका किसी बाह्य अथवा असम्बन्धित व्यक्ति / संस्था को अनाधिकृत रूप से उपलब्ध कराना नियम विरूद्ध है।

अतः संस्थान के समस्त कर्मचारियों / अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे संस्थान के किसी भी शासकीय अभिलेख, पत्रावली अथवा गोपनीय / अर्द्धगोपनीय दस्तावेज को सक्षम स्तर की पूर्व अनुमति के बिना किसी बाह्य व्यक्ति, संस्था अथवा असम्बन्धित पक्ष को उपलब्ध न करायें तथा अभिलेखों की गोपनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करें।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि यदि किसी कर्मचारी / अधिकारी द्वारा उपर्युक्त निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है अथवा इस प्रकार की गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो संबंधित के विरूद्ध प्रचलित सेवा नियमों / शासनादेशों के अंतर्गत नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

(प्रो0 दीपेन्द्र सिंह)
निदेशक

निदेशक
एल.डी.ए.एच. राजकीय इंजी. कालेज
मैनपुरी